NT>

Title: Need to provide adequate relief to the people affected by drought in Rajasthan- Laid.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर): अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को अकाल के लिए जो धनराशि आबंटित की गयी है, उससे प्रदेश की जनता को अनाज, पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए तथा मवेशियों के लिए प्रत्येक गांवों में चाराशाला खोली जाए, जिससे कि मवेशियों को चारे के लिए बाहर न ले जाना पड़े। वर्तमान में राजस्थान प्रदेश बुरी तरह से अकाल की चपेट में है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि प्रदेश की जनता को अधिक राहत सुविधायें उपलब्ध करायी जायें। इसके साथ-साथ केन्द्र सरकार और अधिक धनराशि अकाल राहत के लिए उपलब्ध कराये।